आज का दौर डिजिटल क्रांति का है, लेकिन यही क्रांति अब बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती बनती जा रही है। भारत में तेजी से बढ़ते इंटरनेट उपयोग और सस्ते डेटा ने जहां अवसरों के नए द्वार खोले हैं, वहीं यह बच्चों के लिए एक अदृश्य खतरा भी बनकर उभरा है। इकोनोमिक सर्वे 2025-26 ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि डिजिटल एडिक्शन और अत्यधिक स्क्रीन टाइम अब सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम का रूप ले रहा है, क्योंकि स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और गेमिंग प्लेटफॉर्म बच्चों के व्यवहार, सीखने की क्षमता और मानसिक संतुलन पर मापने योग्य प्रभाव डालने लगे हैं। यही नहीं, रिपोर्ट ने यह भी सुझाया है कि कम उम्र के उपयोगकर्ताओं की अधिक संवेदनशीलता को देखते हुए सोशल मीडिया के लिए आयु-आधारित सीमाएं तय करने पर विचार किया जाना चाहिए।

*- रोहित कुमार यादव*

## ट्रेंड

**ऐतिहासिक समझौता**



यह एक ऐतिहासिक समझौता है, जो विशेष रूप से पूर्वी नागालैंड के विकास पथ को गति प्रदान करेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि इससे लोगों के लिए अवसरों और समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। यह पूर्वोत्तर में शांति, प्रगति और समावेशी विकास के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**'भारत विस्तार' प्लेटफार्म**



किसानों की उत्पादकता बढ़ाने और उनकी आजीविका में सुधार लाने के लिए हमने एआई के उपयोग का फैसला किया है। 'भारत विस्तार' प्लेटफार्म भी हम बना रहे हैं, जिस पर बीज, खाद, दवा और योजनाओं के सवाल और समाधान सब मिल जाएगा।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

**सार्थक विकास**



विकास वही सार्थक होता है जो अपनी सभ्यता, अपनी संस्कृति के मूल्यों का संरक्षण और सम्मान करते हुए हमें नित नए सोपान की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सके।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

**शिक्षा विरोधी सोच**



भाजपा की शिक्षा विरोधी सोच ही सरकारी स्कूलों को बंद करवा रही है। भाजपाई जानते हैं कि शिक्षा से लोगों में जागरूकता और वैज्ञानिक चेतना आती है जो भाजपा की दक़ियानूसी, रूढ़िवादी, संकीर्ण सोच और तंग नज़रिये को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर


# पूर्व मीडिया दिग्गज लाई को सोमवार को मिलेगी सजा



हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक पूर्व मीडिया दिग्गज जिमी लाई को चीन द्वारा लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दिसंबर में दोषी ठहराए जाने के बाद सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक लाई (78) को इस मामले में आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। लाई के खिलाफ कार्रवाई की कुछ विदेशी सरकारों ने आलोचना की है। न्यायपालिका ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर जानकारी दी कि वह सोमवार को पूर्वाह्न 10 बजे सजा सुनाए जाने की कार्यवाही शुरू करेगी। लाई चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के मुखर आलोचक रहे हैं और उन्हें 2020 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था। चीन पिछले वर्ष हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शहर की स्थिरता के लिए इस कानून को आवश्यक मानता है। लाई के खिलाफ मुकदमे को व्यापक पैमाने पर हांगकांग में प्रेस की स्वतंत्रता के पतन के एक संकेतक के रूप में देखा गया है। लाई को सजा सुनाए जाने से चीन और विदेशी सरकारों के बीच तनाव पैदा हो सकता है। लाई की दोषसिद्धि की अमेरिका और ब्रिटेन ने आलोचना की थी। लाई को विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत कर राजद्रोहपूर्ण लेख प्रकाशित करने की साजिश रचने का दोषी पाया गया।

## ऑफ बीट

# चार लाख साल पहले ग्रीनलैंड हरा-भरा था



लगभग 400,000 साल पहले, ग्रीनलैंड के बड़े हिस्से बर्फ-मुक्त थे। द्वीप की उत्तर-पश्चिमी उच्चभूमि पर झाड़ीदार टुंड्रा सूर्य की किरणों का आनंद लिया करता था। साक्ष्य बताते हैं कि कीड़ों से गुलजार स्प्रूस पेड़ों का जंगल, ग्रीनलैंड के दक्षिणी हिस्से में फैला हुआ था। उस समय वैश्विक समुद्र का स्तर बहुत अधिक था, आज के स्तर से 20 से 40 फुट ऊपर। दुनिया भर में, वह भूमि जो आज करोड़ों लोगों का घर है, पानी में डूबी हुई थी। वैज्ञानिक काफी समय से जानते हैं कि ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पिछले दस लाख वर्षों में किसी न किसी समय गायब हो गई थी, लेकिन निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि यह कब गायब हुई थी। ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर के लगभग एक मील मोटे हिस्से के नीचे से शीत युद्ध के दौरान निकाली गई जमी हुई मिट्टी का उपयोग करके तारीख निर्धारित की। समय - लगभग 416,000 वर्ष पहले, जिसमें बड़े पैमाने पर बर्फ-मुक्त स्थितियाँ 14,000 वर्षों तक चलीं - महत्वपूर्ण है। उस समय, पृथ्वी और इसके प्रारंभिक मानव सबसे लंबे अंतर-हिमनद काल से गुजर रहे थे क्योंकि बर्फ की चादरें 25 लाख वर्ष पहले उच्च अक्षांशों को ढके हुए थीं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### गुरु मंत्र...पढ़ाई का ....

के बारे में भी युवाओं को बताया। जिन पर परीक्षाओं के दौरान ध्यान रखना जरूरी होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। इस बार आयोजन में दिल्ली, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, हरियाणा सहित अन्य राज्यों से आए छात्रों ने भाग लिया। जबकि कार्यक्रम के लिए 4 करोड़ 50 लाख से अधिक छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने पंजीकरण कराया था

### मुठभेड़ में कमांडो ने ....

जवान को रात में गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें भी हेलीकॉप्टर की मदद से बाहर निकालकर भामरागढ़ फिर गढ़चिरौली लाया गया है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है ।

शहीद जवान को दी गई श्रद्धांजलि-आज सुबह मुठभेड़ मे शहीद हुए जवान दीपक चिन्ना को पूरे सम्मान के साथ गढचिरौली पुलिस मुख्यालय में श्रद्धांजलि दी गई इस दौरान पुलिस विभाग तथा पैरामिलिट्री फोर्स के अधिकारी जनप्रतिनिधि ने पुलिस ग्राउंड में श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पुलिस वाहन की ....

छोड़ कर मौके से फरार हो गया, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना सुबह साढ़े सात-पौने आठ बजे के करीब की है।

आठवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे लाभांडी, पार्क सेरेन निवासी सुमित अठवानी के बेटे अंश अठवानी (14) की सड़क हादसे में मौत हुई है। अंश की छोटी बहन नवासा गंभीर रूप से घायल है। नवासा को उपचार के लिए एमएमआई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के परिजनों के अनुसार अंश सुबह अपनी छोटी बहन के साथ ई-स्कूटर में स्कूल जाने निकला था। मरीन ड्राइव के रास्ते से स्कूल जा रहा अंश जैसे ही छत्तीसगढ़ क्लब के पास पहुंचा, पुलिस के तेज रफ्तार टो वाहन ने उसकी स्कूटर को पीछे से ठोकर मार दी। ठोकर लगने से अंश टो-वाहन की दिशा में गिर गया और उसका सिर टो-वाहन के चक्के के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### राष्ट्रपति आज आएंगी, बस्तर ....

पंडुम 2026 का शुभारंभ समारोह सुबह 11 बजे जगदलपुर में होगा। समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप शामिल होंगे।

**12 विधाओं में होगी प्रस्तुति**

इस बार पण्डुम पूरी भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 12 विधाओं की प्रस्तुति दी जाएगी। युवा कलाकारों के माध्यम से बस्तर जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य, वाद्ययंत्र, वेशभूषा व आभूषण, पूजा पद्धति, बस्तर शिल्प, जनजातीय चित्रकला का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा जनजातीय पेय पदार्थ, पारंपरिक व्यंजन, आंचलिक साहित्य एवं बस्तर वन औषधि पर भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग और महेश कश्यप, विधायक किरण सिंहदेव, लता उसेण्डी, विक्रम उसेण्डी, नीलकण्ठ टेकाम, आशाराम नेताम, चैतराम अटामी, विनायक गोयल, श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी, लखेश्वर बघेल, विक्रम मंडावी तथा महापौर संजय पाण्डेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे।

### *आज आएंगे शाह....*

ही वे शनिवार की शाम को रायपुर पहुंच जाएंगे। रविवार को दिनभर बैठकों का दौर चलेगा। इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा के साथ प्रदेश के पुलिस अधिकारी, नक्सल मोर्चे पर लगे प्रदेश के अधिकारियों के साथ केंद्र सरकार के अधिकारी भी शामिल होंगे।

श्री शाह तय कार्यक्रम के मुताबिक जम्मू से बीएसएफ के विमान से 4.40 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां पर उनका मुख्यमंत्री, प्रदेश के मंत्रियों के साथ भाजपा नेता स्वागत करेंगे। एयरपोर्ट से श्री शाह होटल मेफेयर जाएंगे। यहां पर रात्रि विश्राम करेंगे।

रविवार को दिनभर बैठक

रविवार को नक्सलवाद पर दिन भर बैठकों का दौर चलेगा। पहले चरण में 11 से 12.45 बजे तक पहली बैठक होगी। इसके बाद 12.45 से 2.00 बजे तक नक्सलवाद की समीक्षा बैठक होगी। दोपहर को 2 से 3 बजे का समय भोजन के लिए रहेगा। इसके बाद फिर से 3.00 से लेकर 4.15 बजे तक बैठक होगी।

अपने दौरे के अंतिम दिन सोमवार को श्री शाह जगदलपुर, बस्तर में आयोजित बस्तर पंडुम महोत्सव 2026 के समापन समारोह में शामिल होंगे, फिर 2.15 बजे बीएसएफ के विमान से जगदलपुर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम अलग से दूसरे विमान से रायपुर लौटेंगे।

### 31 तक छग नक्सल ....

है। विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि 31 मार्च तक प्रदेश नक्सल मुक्त होगा। इसे लेकर युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पिछड़ा वर्ग के युवाओं को केवल सरकारी योजनाओं पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर बनाया जाए। बैठक में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया गया। बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चन्द्राकर, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सचिव सुबोध कुमार सिंह, वासवराजू सहित 17 जिलों के कलेक्टर मौजूद थे। बैठक में वीबी-जी राम जी योजना को ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में क्रांतिकारी योजना बताया गया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा शुरू की गई यह योजना एक नई ग्रामीण रोजगार योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में आईटी पार्क की आधारशीला रखी गई। 40 आईटी कंपनियों और आईटी के निदेशकों के बीच एमओयू पर अनुबंध हुआ। इसके लिए सिविल लाइन स्थित वर्किंग वुमन हॉस्टल में जगह तय की गई। उन्होंने कहा कि इससे आईटी शिक्षा के क्षेत्र ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

### भारत की 'वैभव-शाली' ...

शानदार तरीके से संभाला। सूर्यवंशी दोनों में अधिक आक्रामक थे, जिन्होंने 55 गेंदों में शतक जड़ा। म्हात्रे ने भी भारत बनाम इंग्लैंड युवा वनडे मैच में आउट होने से पहले तेज अर्धशतक बनाया। सूर्यवंशी ने आउट होने से पहले शानदार 175 रन बनाए। भारत को कुछ गेंदों में लड़खड़ाने का सामना करना पड़ा, लेकिन अभिज्ञान कुंडू और कनिष्क चौहान ने टीम को शानदार अंत तक पहुँचाया।

### ऐतिहासिक उपलब्धिः ...

की विश्वसनीयता बढ़ेगी, बल्कि उड़ानों के रद्द होने या विलंब की समस्या में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। यात्रियों को मिलेगा सीधा लाभ आईएफआर प्रणाली के तहत विमान पायलट आधुनिक नेविगेशन उपकरणों और तकनीकी प्रणालियों की मदद से सभी मौसमों में सुरक्षित लैंडिंग और टेक-ऑफ कर सकेंगे। इससे यात्रियों को समयबद्ध उड़ानें, बेहतर कनेक्टिविटी और अधिक सुरक्षित यात्रा का लाभ मिलेगा। साथ ही, भविष्य में नई उड़ानों और बड़े विमानों के संचालन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

क्षेत्रीय विकास को मिलेगी गति

एयरपोर्ट के इस उन्नयन से बिलासपुर और आसपास के क्षेत्रों में व्यापार, उद्योग, स्वास्थ्य सेवाओं और पर्यटन को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। बेहतर हवाई संपर्क से निवेश के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

नेतृत्व और मार्गदर्शन का परिणाम

तोखन साहू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, /"यह उपलब्धि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राममोहन नायडू के सहयोग से संभव हुई है। राज्य सरकार और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से छत्तीसगढ़ का विमानन बुनियादी ढांचा लगातार मजबूत हो रहा है।/"

### विकास को मिलेगी ...

किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सहयोग से छत्तीसगढ़ में आधुनिक बुनियादी ढाँचे का तीव्र गति से विस्तार हो रहा है, जो राज्य को विकास के नए आयामों तक ले जा रहा है। सीएम साय ने कहा है कि बिलासपुर एयरपोर्ट सहित पूरे छत्तीसगढ़ को आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास की नई दिशा प्रदान करेगी तथा प्रदेश को राष्ट्रीय विमानन मानचित्र पर और अधिक सशक्त बनाएगी।

### रेपो रेट में कोई बदलाव ...

नेतृत्व में हुई 3 दिवसीय एमपीसी की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

रेपो रेट स्थिर रहने से क्या फायदा है?

रेपो रेट के स्थिर होने से लोगों पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा क्योंकि इससे पहले की तिमाहियों में रेट कम हो चुके हैं। होम लोन, पर्सनल लोन और वाहन लोन लेने वाले लोगों को इससे राहत मिलेगी, क्योंकि ये न तो बढ़ेगा और न ही घटेगा। जब बैंकों को आरबीआई से कम ब्याज दर पर कर्ज मिलेगा तो वह ग्राहकों को भी कम दर पर कर्ज देंगे। इससे लोगों को राहत ही मिलेगी।

धोखाधड़ी के शिकार ग्राहकों को मुआवजा

बैठक के निर्णय़ की जानकारी देते हुए मल्होत्रा ने बताया कि आरबीआई ने छोटे-मोटे धोखाधड़ी वाले लेन-देन में हुए नुकसान के लिए ग्राहकों को 25,000 रुपये तक का मुआवजा देने का ढांचा पेश करने का प्रस्ताव रखा है। मल्होत्रा ने कहा, धोखाधड़ी वाले लेन-देन के संबंध में, हम डिजिटल भुगतान की सुरक्षा बढ़ाने के लिए संभावित उपायों पर एक चर्चा पत्र प्रकाशित करने का भी प्रस्ताव रखते हैं। इन उपायों में उपयोगकर्ताओं के लिए अतिरिक्त प्रमाणीकरण शामिल हो सकते हैं।

एक साल में 125 आधार अंक कम हुआ रेपो रेट

बैठक में आरबीआई ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए शाखा खोलने के नियमों में ढील का प्रस्ताव दिया है। साथ ही, आरबीआई अब कुछ सुरक्षा उपायों के साथ बैंकों को रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट को ऋण देने की अनुमति देगा। आरबीआई ने खरीफ की अच्छी पैदावार, खाद्यान्न के पर्याप्त भंडार, रबी की अनुकूल बुवाई के कारण खाद्य आपूर्ति सकारात्मक बताया। आरबीआई ने फरवरी 2025 से अब तक रेपो रेट में कुल 125 आधार अंकों की कमी किया है।

# नीतिगत दर स्थिर रखने से मकान खरीदने वाले ग्राहकों को मिलेगा प्रोत्साहन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रियल एस्टेट उद्योग तथा विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कहा कि आरबीआई के नीतिगत दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने से ग्राहकों की मकान खरीदने और डेवलपर की नई परियोजना लाने की धारणा को बल मिलेगा। आरबीआई ने उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई में नरमी, वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने के साथ बजट में सरकारी खर्च में वृद्धि तथा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बनी सहमति के बाद शुल्क को लेकर दबाव कम होने के बीच नीतिगत दर को यथावत रखने की उम्मीद की जा रही थी।

## नई परियोजना लाने की धारणों को मिलेगा बल



### बजट में छोटे शहरों को बढ़ावा

जैन ने कहा, '' ऐसे समय में, जब केंद्र सरकार ने आम बजट में पांच लाख या उससे अधिक आबादी वाले शहरों के विकास पर विशेष जोर दिया है, स्थिर ब्याज दरें छोटे व मझोले शहरों को उल्लेखनीय बढ़ावा दे सकती हैं। कुल मिलाकर यह फैसला रियल एस्टेट क्षेत्र और देश की अर्थव्यवस्था के लिए स्थिरता एवं सतत वृद्धि का बढ़ावा देने वाला है।''

### मकान खरीदने वालों को मिलेगा प्रोत्साहन

रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा, '' घरेलू आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं और वृद्धि का परिदृश्य सकारात्मक है। इस समय ब्याज दरों को स्थिर बनाए रखना मकान खरीदने वालों को खरीदारी का फैसला लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इससे डेवलपर को भी ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए नई परियोजनाएं शुरू करने का प्रोत्साहन मिलेगा।'' उभरती वैश्विक और घरेलू परिस्थितियों के बीच केंद्रीय बैंक का रेपा दर को यथावत और तटस्थ रुख को बरकरार रखने का फैसला संतुलित कदम को बताता है।

NATIONAL SC-ST HUB | भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय MINISTRY OF MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES | एन एस आई सी NSIC

अनुसूचित जाति/जनजाति उद्यमियों को अवसर प्रदान करने हेतु

नेशनल एससी-एसटी हब योजना

अक्टूबर 2016 से

एससी-एसटी इकाईयों से सरकारी खरीद 38 गुना बढ़ी

1.5 लाख से अधिक एससी-एसटी उद्यमी लाभान्वित

मुख्य लाभ

- ₹25 लाख तक की सब्सिडी
- निःशुल्क क्षमता निर्माण प्रशिक्षण
- विक्रेता विकास एवं बाजार संपर्क सहायता
- प्रतिस्पर्धात्मकता संवर्धन सहयोग

CBC 25106/15/0001/2526



"एम एस एम ई हमारे देश की आर्थिक वृद्धि में परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं। हम इस क्षेत्र के संरक्षण और सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।"
— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

अधिक जानकारी के लिए देखें: www.scsthub.in

राष्ट्रीय एससी-एसटी हब फॉलो करने के लिए QR code स्कैन करें

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

निविदा क्रमांक: **CPM/ELECT/2025-26-21** (सिंगल पैकेट सिस्टम)

कार्य : एस.ई.सी.आर. के बिलासपुर डिविजन में बिलासपुर में वंदे भारत मेंटेनेंस शेड के लिये मेंटेनेंस सुविधा का प्रावधान'' के संबंध में, रिट्रैक्टेबल ओवरहेड कंडक्टर–रेल सिस्टम (ROCS) का डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन इंस्टालेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग जिसमें रिट्रैक्टेबल OHE में पारंपरिक OHE तक ट्रांजिशन व्यवस्था और सभी एक्सेसरीज शामिल है।

निविदा मूल्य: 5,38,51,792.50/- (पांच करोड़ अड़तीस लाख इक्यावन हजार सात सौ बियानबे व पचास पैसे), अमानत राशि: ₹ 4,19,300.00/-, (चार लाख उन्नीस हजार तीन सौ रुपये), कार्य पूर्णता की अवधि: 6 (छः माह)। **निविदा बंद होने का** समय एवं दिनांक: 19–02–2026 को 15.00 बजे, निविदा खोलने होने का समय एवं दिनांक: 19–02–2026 को 15.30 बजे,

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के कार्यालय, पुराना कंस्ट्रक्शन भवन, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यालय के बगल, बिलासपुर पिन : 495004 में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/देख सकते हैं।

उप मु.वि.इंजी./परियोजना/बीएसपी
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
सीपीआर/10/FL/655

South East Central Railway @secrail

## हिंदुस्तान कॉपर का लाभ दोगुना होकर 156 करोड़

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी हिंदुस्तान कॉपर का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत लाभ



दोगुने से ज्यादा होकर 156.30 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले की समान तिमाही में 62.87 करोड़ रुपये था। अक्टूबर-दिसंबर, 2025 के दौरान कंपनी का एकीकृत राजस्व बढ़कर 687.34 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 327.77 करोड़ रुपये था। सरकारी कंपनी 2030-31 तक अपनी अयस्क उत्पादन क्षमता को मौजूदा 40 लाख टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 1.22 करोड़ टन प्रति वर्ष करने की योजना बना रही है। हिंदुस्तान कॉपर तांबे के अयस्क के खनन कार्य में लगी हुई है। देश में तांबे के अयस्क के लिए सभी परिचालन खनन पट्टे उसके पास ही हैं। कंपनी ने वर्ष 2024-25 में परिचालन से अब तक का सबसे ज़्यादा राजस्व 2,070.97 करोड़ रुपये अर्जित किया।

**South East Central Railway**

No. P-HQ/GAZ/MED/31028/90 DATE : 02.02.2026

**NOTIFICATION**

Short notifcation is issued for engagement of 05 contract Medical Practitioners (Specilalist/Physician, Specialist/ Surgeon, GDMO) for one year, purely on contract basis in Central Hospital, South East Central Railway /Bilaspur. For more details in i.e. eligibility, qualifications , age, experience etc. may please visit SECR's website : https://secr.indianrailways. gov.in./on the path given below.- Recruitment/News/ Press/ release - Recruitment - headquarters - Gazetted section

Principal Chief Personnel Officer (Gaz.)
S.E.C.Railway, Bilaspur
CPR/10/FL/667

South East Central Railway @secrail

SBI **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा– I**
12वां तल, जवाहर व्यापार भवन, (एसटीसी बिल्डिंग), 1 टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ, नई दिल्ली–110001,
फोन: 011-23701139, ई–मेल: team3samb1.del@sbi.co.in, sbi.04109@sbi.co.in

**ई–नीलामी बिक्री सूचना**

परिशिष्ट IV-क, (नियम 8(6) और 6 (2) का परन्तुक देखें) चल एंव अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल एंव अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल सम्पत्ति दृष्टिबंधक / प्रभारित और अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदारों के पास बंधक/प्रभारित है, का **भौतिक कब्जा**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 25.11.2025 को ले लिया गया है, को **"जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नवर्णित कर्जदार(रों), गारंटर(रों) और कॉर्पोरेट गारंटर(रों) से प्रतिभूत लेनदारों की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि नीचे वर्णित रूपए होगी।

| कर्जदार(ओं) / गारंटर(ओं) / बंधककर्ता(ओं) का नाम पता/पते सहित | संपति का विवरण एवं स्वामी/स्वामियों के नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (आरक्षित मूल्य का 10%) / वृद्धि राशि | मांग सूचना की तारीख एवं बकाया राशि | सम्पत्ति का स्थल पर निरीक्षण करने हेतु तिथि एवं समय एवं प्राधिकृत अधिकारी का नाम | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| (1)मैसर्स कार्मिक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (उधारकर्ता), पंजीकृत कार्यालय– 1517, देविका टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019<br>(2) श्रीमती राधा प्रकाश (निदेशक/गारंटर) कार्यालय का पता– 1517, देविका टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019, ईमेल आईडी: vedganesha1985@gmail.com (बैंक को वर्तमान आवासीय पता प्रदान नहीं किया गया है.)<br>(3) मैसर्स कार्मिक बिजनेस स्पेशलिटीज प्राइवेट लिमिटेड (कॉर्पोरेट गारंटर) पंजीकृत कार्यालय– 1517, देविका टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 | कंपनी की सभी अचल संपत्तियाँ, जिनमें संयंत्र एवं मशीनरी, फैक्ट्री की भूमि एवं भवन शामिल हैं, जो मौजा चनाडोंगरी, पाहन 13/23, खसरा संख्या 488, 498/2, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित हैं, कुल क्षेत्रफल 4.23 एकड़, जो कर्मिक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर दर्ज हैं। **सीमाएँ इस प्रकार हैं:** **उत्तर** – सड़क एवं घास **पूर्व** – सड़क एवं घास **दक्षिण** – महादेव की भूमि **पश्चिम** – घास एवं कविता की भूमि **भौतिक कब्जा** | आरक्षित मूल्य: लॉट 1: भूमि एवं भवन: रू.1,53,00,000/– लॉट 2: संयंत्र एवं मशीनरी: रू.3,79,00,000/– (इससे कम मूल्य पर संपति नहीं बेची जाएगी) ईएमडी राशि: आरक्षित मूल्य का 10% भूमि एवं भवन: रू.15,30,000/– संयंत्र एवं मशीनरी: रू.37,90,000/– बोली वृद्धि राशि: भूमि एवं भवन: रू.1,00,000/– संयंत्र एवं मशीनरी: रू.1,00,000/– | रू.24,00,36,584/– (रूपये चौबीस करोड़ छत्तीस हजार पांच सौ चौरासी) दिनांक 30.06. 2018 तक, भविष्य के ब्याज और अन्य शुल्कों सहित | 13-02-2026 (शुक्रवार) पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपर्राह्न 3.00 बजे तक<br>प्राधिकृत अधिकारी: स्वाती भास्कर मो. नं. 7777019067 | 23-02-2026 (सोमवार) पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपर्राह्न 01.00 बजे तक 10 मिनट प्रत्येक के आसीमित स्वतः विस्तार सहित |

M/S PSB ALLIANCE (BAANKNET) द्वारा प्रदान किए गए ई–नीलामी साइट https://baanknet.com पर बोलीकर्ताओं द्वारा ईएमडी को अपने स्वयं के बटुए (wallet) में हस्तांतरित / जमा करना होगा।

नियम एवं शर्तें:–

- ई–नीलामी सेवा प्रदाता, मैसर्स पीएसबी एलायंस (BAANKNET) के माध्यम से उसके ऑनलाइन पोर्टल https://baanknet.com पर "जैसी है, जहां है", "जैसी है, जो है" और "जो कुछ भी वहां है के आधार पर संचालित की जाएगी। मैसर्स पीएसबी एलायंस (BAANKNET) के माध्यम से बोली आवेदन पत्र, केवाईसी दस्तावेज, पैन कार्ड, ईएमडी का प्रमाण इत्यादि जमा करने की तिथि और समय अधिक जानकारी के लिए https://baanknet.com देखें
- **ईएमडी प्रेषण:** इच्छुक बोलीदाताओं को ई–नीलामी तिथि से पर्याप्त पूर्व वेबसाइट https://baanknet.com पर अपना पंजीकरण करवाना होगा और अपने बैंक खाते के माध्यम से पोर्टल https://baanknet.com पर बनाए गए अपने वॉलेट में ईएमडी राशि जमा करनी होगी। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम समय में किसी भी तकनीकी समस्या से बचने के लिए ईएमडी राशि पर्याप्त पूर्व जमा कर दें।
- **लॉट–1 और लॉट–2 में से किसी के लिए भी कोई बोली प्राप्त नहीं हुई हो,** अथवा लॉट–1 एवं लॉट–2 के लिए अलग–अलग H1 बोलीदाता हों: इस संबंध में कृपया विस्तृत नियम एवं शर्तें देखें।
- **ज्ञात ऋणभार:** प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। तथापि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले, नीलामी में रखी गई सम्पत्ति / सम्पत्तियों के स्वामित्व, सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों / बकाया राशियों के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए।
- ई–नीलामी विज्ञापन बैंक की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही ऐसा करता माना जाएगा। सम्पत्तियां सभी वर्तमान और भावी ऋणों के साथ बेची जा रही है, चाहे वे बैंक को ज्ञात हो अथवा ज्ञात नहीं हो।
- सफल बोलीदाता को पहले से भुगतान की गई ईएमडी राशि को समायोजित करने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऑफर स्वीकार करने के तुरंत बाद, उसी दिन या अगले कार्य दिवस से पहले, जैसा भी मामला हो, बिक्री मूल्य का 25% जमा करना होगा, ऐसा नहीं करने पर. बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी जब्त कर ली जाएगी। बिक्री मूल्य का **शेष 75%** प्रतिभूत सम्पत्ति की बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन या उससे पहले या प्रतिभूत ऋणदाता और नीलामी क्रेता के बीच लिखित रूप में सहमत होने वाली ऐसी विस्तारित अवधि के भीतर देय है, जो नीलामी की तिथि से तीन माह से अधिक नहीं हो सकती है।
- प्राधिकृत अधिकारी / प्रतिभूत लेनदार किसी भी रूप में किसी तीसरे पक्ष के दावों / अधिकारों / बकाया राशियों के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- सफल बोलीदाता को नीलामी क्रय से संबंधित सभी वैधानिक बकाया, यदि कोई हो, और लागू कर देनदारियां भी वहन करनी होंगी।
- यह बिक्री वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और आयकर/जीएसटी विनियमों (जहां भी लागू हो) के तहत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। कृपया ध्यान दें कि संयंत्र एवं मशीनरी पर लागू दरों पर जीएसटी लगेगा, जो विक्रय मूल्य के अतिरिक्त होगा और सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
- उपरोक्त के अतिरिक्त, बोलीदाताओं को ई–नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स पीएसबी एलायंस (BAANKNET) की सेवा शर्तों का पालन करना होगा।
- **सम्पर्क विवरण** – (1) सुश्री स्वाति भास्कर, प्राधिकृत अधिकारी, मो–7777019067, या श्री संजय गोयल, सहायक महाप्रबंधक, मो– 9167978261, या (2) समाधान एजेंट, बीआरएस कॉर्पोरेट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मो– 9871975152/8527196366 पर

**सरफासी ऐक्ट, 2002 के अधीन बिक्री हेतु कानूनी नोटिस**

तिथि : 07.02.2026, स्थान : नई दिल्ली — हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

# बार एसोसिएशन चुनाव पर हाईकोर्ट ने रोक लगाने से किया इनकार

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बार ऐसोसिएशन चुनाव को लेकर दायर याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस एनके चंद्रवंशी ने याचिकाकर्ता के उस आवेदन को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने चुनाव पर रोक लगाने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे में अब हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। ध्यान रहे कि 12 फरवरी को होने वाले चुनाव में अध्यक्ष के सात समेत 17 पदों के लिए 61 प्रत्याशी मैदान में हैं।

दरअसल याचिका में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के प्रशासक समिति द्वारा चुनाव प्रक्रिया को लेकर जारी अधिसूचना को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी 15 की थी, जिसे गलत तरीके से बढ़ाकर महिला आरक्षण तय किया गया है। जबकि, प्रशासक को कार्यकारिणी के पदों में वृद्धि करने का अधिकार नहीं है। केवल सामान्य सभा पद बढ़ाने पर विचार कर सकता है। हाईकोर्ट में याचिका दायर करने के बाद भी चुनावी प्रक्रिया जारी रखने पर उन्होंने आवेदन भी प्रस्तुत किया था, जिसमें चुनाव पर रोक लगाने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान बताया गया कि बार एसोसिएशन का कार्यकाल खत्म हो चुका है, जिसके चलते हाईकोर्ट और राज्य अधिवक्ता परिषद ने प्रशासक नियुक्त किया है। प्रशासक ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हाईकोर्ट और राज्य अधिवक्ता परिषद से मार्गदर्शन लेकर प्रक्रिया शुरू की है। सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट के जस्टिस एनके चंद्रवंशी ने कहा कि



चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई और मतदान की तारीख के साथ ही नामांकन पत्रों की स्कूटनी हो चुकी है। ऐसे में चुनाव पर रोक नहीं लगाई जा सकती।

## 17 पदों के लिए 61 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध

ज्ञात हो कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के लिए वर्ष 2026-2028 के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनूप मजुमदार द्वारा जारी सूचना के अनुसार 17 पदों के लिए 61 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। अध्यक्ष के लिए सीनियर एडवोकेट राजीव श्रीवास्तव, अरविंद सिन्हा, दिनेश कुमार तिवारी, अब्दुल वहाब खान, शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल और रजनीश सिंह बघेल मैदान में हैं। वहीं, उपाध्यक्ष (वरिष्ठ) के लिए दीपक कुमार जैन, भरत लाल सोनी, गौतम खेत्रपाल, अरविंद दुबे, महेन्द्र नाथ दुबे और शशिकांत सोनकर ने फार्म भरे हैं। वहीं उपाध्यक्ष (महिला) पद के लिए मांडवी भारद्वाज, संगीता मिश्रा, मधुनिशा सिंह और रीमा दुबे के बीच प्रतिस्पर्धा होगी।

## सीजीएमएससी की कार्यप्रणाली से हाईकोर्ट नाराज, एक लाख की लगाई पेनाल्टी

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की मनमानी कार्यप्रणाली पर सख्त रुख अपनाते हुए एक लाख की एक्सेम्प्लरी कास्ट लगाने का आदेश दिया है। इस राशि का चेक याचिकाकर्ता के खाते में जमा किया जाएगा। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट रूप से यह पाया कि सीजीएमएससी ने स्पष्टीकरण से जुड़ा अहम ई-मेल गलत और असंबंधित ई-मेल आईडी पर भेजकर याचिकाकर्ता को अवैध रूप से अयोग्य ठहराया था। याचिकाकर्ता नटवर लाल अग्रवाल रायगढ़ ने याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि सरकार के लिए अधिक लाभकारी न्यूनतम दर प्रस्तुत किए जाने के बावजूद उनकी वित्तीय बोली खोली ही नहीं गई। एडवोकेट आशुतोष मिश्रा के माध्यम से पेश याचिका के अनुसार पत्थलगांव जशपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतबा का भवन व अस्पताल निर्माण किया जाना था। इसमें 4 करोड़ के टेंडर के लिए याचिकाकर्ता ने सबसे कम बोली लगाईं थी। इसके बाद भी उन्हें यह टेंडर नहीं दिया गया। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि, जिन दस्तावेजों के आधार पर रायगढ़ स्थित 100 बिस्तर अस्पताल का उन्हें टेंडर प्रदान किया जा चुका है, उन्हीं दस्तावेजों को कोतबा में सीजीएमएससी द्वारा दरकिनार कर दिया गया। साथ ही अन्य निविदाकर्ता हितेन सूर्यवानी को यह टेंडर दे दिया गया।

### समान अवसर के सिद्धांत को कुचला

सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि, प्रतिवादी छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड का यह आचरण संविधान के अनुच्छेद 14 का सीधा उल्लंघन है और सार्वजनिक निविदा प्रक्रिया में समान अवसर के सिद्धांत को कुचलता है। कोर्ट ने हालांकि इस अस्पताल परियोजना को जनहित में जारी रखा लेकिन सीजीएमएससी की मनमानी स्वीकार करते हुए कोर्ट ने याचिकाकर्ता को 1 लाख का मुआवजा देने का आदेश पारित किया है।

## पीजी एडमिशन नियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती, राज्य शासन से मांगा गया जवाब

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ चिकित्सा स्नातकोत्तर प्रवेश नियम, 2025 के नियम 11 में हुए संशोधन को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। कोर्ट ने राज्य शासन से मामले में जवाब मांगा है। गौरतलब है कि डॉ. समृद्धि दुबे ने इससे पहले रीट याचिका प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ चिकित्सा स्नातकोत्तर प्रवेश नियम, 2025 के नियम 11 को चुनौती दी थी। जिसे उच्च न्यायालय ने स्वीकार कर उक्त नियम को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया था। इसके बाद छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 01 दिसंबर 2025 को चिकित्सा स्नात्कोत्तर प्रवेश नियम, 2025 के नियम 11 में संशोधन करके राज्य शासन कोटे की सीटों का 50 प्रतिशत संस्थागत आरक्षण एवं 50 प्रतिशत गैर संस्थागत आरक्षण लागू किया। राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती भी दी, जिसमें प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया गया। **जारी अधिसूचना को चुनौती-** डॉ. समृद्धि दुबे ने फिर से हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ चिकित्सा स्नातकोत्तर प्रवेश नियम, 2025 के नियम 11 में हुए संशोधन एवं राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 22 जनवरी 2026 को में चुनौती, जिसे उच्च न्यायालय ने खरिज कर दिया था।

## बैग में मिला गांजा आरोपी युवक गिरफ्तार

रायपुर। पुरानी बस्ती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से सवा तीन किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने पुरानी बस्ती निवासी सुजल पंसारी के कब्जे से गांजा बरामद किया है। सुजल महाराजबंध तलाब के पास गांजा बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहा था।


**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

**निविदा सूचना क्र. 09/व.ले.लि./ 2025-26, दिनांक 04.02.2026**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 25.02.2026, 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नामः- हाउसिंग बोर्ड कालोनी उरगा के पास डोमनाला स्टाप डेम का निर्माण कार्य।**

**(सिस्टम निविदा क्र. 184818)**

**अनुमानित लागत रू. 242.96 लाख (जी.एस.टी. छोडकर)**

(टीपः- निविदा जल संसाधन विभाग के एस.ओ.आर. 1.05.2025 के अनुसार आमंत्रित है।)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 11.02.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कोरबा (छ.ग.)**
**जी. 252606530/5**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

क्र./1295/न.पा./लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 06/02/2026

**तीसरा ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनु व्यय राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन सम्मिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 185126 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Besed sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Year of Operation and Maintenace of The Entire System in Nagar Palika Parishad, Mungeli under SBM 2.0 | 624.09 | 22.02.2026 |

टीप - 1. निविदा प्रपत्र चिप्स के वेबसाईट http:/eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मुंगेली**



**LATE SHRI PUNARAM NISHAD COLLEGE OF FISHERIES**
**KAWARDHA-491995 KABIRDHAM (C.G.)**
**(Dau Shri Vasudev Chandrakar Kamdhenu Vishwavidyalaya)**
**Email:-dean.cofk@dsvckvdurg.ac.in**

No. COF/Acad./TA/2025-26/1389 Dated: 23/01/2026

**Advertisement**

Applications are invited for the 13 post of teaching Associate at Late Shri Punaram Nishad Fisheries College, Kawardha (Chhattisgarh). Last date for submission of application form is 13.02.2026, detailed advertisement is available in the University website http://dsvckvdurg.ac.in. Any further information after this advertisement will be displayed in university website only.

**S- 46816** **DEAN**


# 5वें दिन भी बंद रहा सर्वर, शाम 6 बजे के बाद सुधरा पर बंट नहीं पाया दो माह का चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों में पांचवें दिन भी सर्वर बंद होने के कारण दिनभर खाद्यान्न बंट नहीं पाया। शाम 6 बजे के बाद सर्वर में सुधार आया भी तो दो माह का एक साथ चावल बंट नहीं पाया, क्योंकि ऑनलाइन आवंटन में एक माह का चावल ही दिखा



रहा था, जिसके कारण जितने कार्ड धारकों को चावल बांटा गया, उन्हें सिर्फ फरवरी का ही मिला है, जबकि राज्य सरकार ने फरवरी और मार्च दोनों महीने का चावल एक साथ बांटने का आदेश जारी किया है। इधर राशन दुकान संचालकों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि ऑनलाइन आवंटन जितना दिखाएगा, हम उतना ही हितग्राही को दे पाएंगे, क्योंकि ईपॉस मशीन में आवंटन के अनुसार ही वितरण होता है। ऐसे में दो माह का चावल साथ में तभी बांट पाएंगे, जब ऑनलाइन में भी दो महीने का चावल दिखाएगा।

इधर राशन दुकानों में नागरिक आपूर्ति निगम के मंदिर हसौद गोदाम से चावल वितरण में भी बड़ी लापरवाही बरती जा रही है। गोदाम से राशन दुकानों में चावल की आपूर्ति के लिए होरा एजेंसी को ठेका दिया गया है, लेकिन एजेंसी द्वारा पिछले 4 दिनों से बड़ी गाड़ियां उपलब्ध ही नहीं कराई गई है, जिसके कारण राशन दुकानों में चावल का वितरण भी नहीं हो पाया है। इस मामले में गोदाम प्रभारी संगीता सिंह ने बताया कि इसमें हमारी गलती नहीं है। गोदाम में पहले चावल का स्टॉक नहीं था, लेकिन दो-तीन दिनों से स्टॉक आना शुरू हो गया है।

### कार्ड धारक-दुकान संचालक असमंजस की स्थिति में

शासन ने दो माह का एक साथ चावल बांटने का आदेश जारी किया है, वहीं ऑनलाइन आवंटन में गुरुवार को एक माह का चावल ही शो कर रहा है। ऐसे में कार्ड धारक और दुकान संचालक दोनों असमंजस की स्थिति में है। कार्ड धारक यह सोचकर चावल नहीं ले रहा है, कि कहीं एक माह का लेने के बाद दूसरे महीने का चावल लैब्स नहीं हो जाए, वहीं कई दुकान संचालक भी एक माह का चावल शो करने के कारण चावल बांटना शुरू नहीं किए हैं। दुकान संचालकों को भय है कि बिना आदेश के कहीं एक माह का चावल बांट दिए तो उनके विरुद्ध कार्रवाई न हो जाए। हालांकि इस असमंजस की स्थिति के बावजूद कुछ दुकान संचालकों ने चावल बांटा और कई कार्ड धारक लेने भी लगे हैं।


**छत्तीसगढ़ संवाद**
**(जनसम्पर्क विभाग की सहयोगी संस्था)**
**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़ फोन नं. 0771-2512580, 81**
**Web: www.cg.nic.in/samvad, email: egsamvad@gmail.com**

क्रमांक 4884/ छ.ग.सं./ क्षे.प्र./ 2026 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 06/02/2026

**एल. ई. डी. (न्यूनतम साईज 5'×7/35 sq. ft) माउन्टेड व्हीकल / व्हीकल के साथ कला जत्था के माध्यम से राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों का इम्पैनलमेंट के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ संवाद (जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था) द्वारा एल ई डी (न्यूनतम साईज 5′×7′/ 35 sq.ft.) माउन्टेड व्हीकल / व्हीकल के साथ कला जत्था के माध्यम से राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों का इम्पैनलमेंट के लिए निर्धारित प्रारूप में समस्त वांछित दस्तावेजों सहित पूर्ण भरे हुए निविदा ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रारूप एवं नियम शर्तों का अवलोकन छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाईट http://samvad.cg.nic.in पर किया जा सकता है। प्रारूप एवं नियम शर्तों में संशोधन होने पर संशोधन की सूचना उक्त वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी, पृथक से समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन नहीं की जाएगी। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, जमा करने एवं खोलने की तिथियां निम्नानुसार है:-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | रूपये 2,360/- (जीएसटी सहित) वापसी योग्य नहीं) |
| अमानत राशि | रूपये 3,00,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| प्रि-बिड मीटिंग | दिनांक 16/02/2026 समय दोपहर 3:00 बजे (छत्तीसगढ़ संवाद भवन के प्रथम तल में स्थित बैठक कक्ष में आयोजित होगी) |
| निविदा में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि | दिनांक 11/03/2026 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 11/03/2026 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 11/03/2026 समय 4:00 बजे सायं से |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ संवाद रायपुर (छ.ग)**
**संवाद- 46817**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 293/निर्माण/2026 दिनांक 02.02.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 04 राताखार पुल से बजरंग चौक होते हुए बाय पास सड़क तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (15वें वित्त आयोग मद) (प्रथम निविदा) | 200.00 | 24.02.2026 (T.No. 184813) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

**अधीक्षण अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, जशपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 26.02.2026, (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत जी.एस.टी. छोड़ कर (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 185128 | 10/व.ले.लि / 2025-26 दिनांक 05.02.2026 | सोरो व्यपवर्तन योजना का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य। | 288.83 | प्रथम आमंत्रण |
| 185130 | 11/व.ले.लि / 2025-26 दिनांक 05.02.2026 | डोड़की व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य। | 1159.19 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 12.02.2026, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट :
1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 एवं दिनांक 08.08.2025 के जारी संशोधन के अनुसार है।
3. निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में जी.एस.टी. सहित निविदा भरा जाना है।,

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, जशपुर (छ.ग.)**
**कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर, (छ.ग.)**
**जी. 252606518/4**



**शासकीय सह-शिक्षा पॉलीटेक्निक, बस्तर**
**आड़ावाल, जगदलपुर, छ.ग.-494001**
(तकनीकी शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अधीन एवं अ.भा.त.शि.प. द्वारा अनुमोदित संस्थाबद्ध)
Tel. No.-07782-264260 email: gcpbastar@gmail.com

क्रमांक / शासशिपॉबज/स्था./2026/ जगदलपुर, दिनांक / / 2026

**// Walk in interview for Part Time Lecturer//**

शासकीय सहशिक्षा पॉलीटेक्निक बस्तर, जगदलपुर में संचालित त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु रिक्त पदों के विरूद्ध सेमेस्टर सत्रों में अध्यापन कार्य के लिए अंशकालीन व्याख्याता के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक उम्मीदवारों को वाक-इन-इन्टरव्यू के लिये आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 18.02.2026 को समय 11:00 AM बजे अपने बायोडाटा, मूल दस्तावेजों एवं 01 सेट छायाप्रतियों के साथ शासकीय सहशिक्षा पॉलीटेक्निक बस्तर, जगदलपुर में उपस्थित हो सकते है।

**// अंशकालीन व्याख्याता हेतु पदों का विवरण //**

| क्र. | पाठ्यक्रम /विभाग का नाम | पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | गणित | 01 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से संबंधित शाखा में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समकक्ष |

अंशकालीन व्याख्याता का पद पूर्णतः अस्थायी है। उपरोक्त सारणी में पदों की संख्या संस्था के आवश्यकतानुसार परिवर्तनीय होंगी। चयनित उम्मीदवारों को प्रति पीरियड रू. 800/- की दर से पारिश्रमिक भुगतान किया जावेगा। जिसकी अधिकतम सीमा रू 56100/- प्रति माह होगी। (शासन द्वारा मानदेय दर में परिवर्तन समयानुसार मान्य होंगे।)

नोटः- संबंधित विषय में NET/SET/M.PHIL/PHD डिग्री धारण करने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जावेगी।

**प्राचार्य**
**शासकीय सह-शिक्षा पॉलीटेक्निक**
**जगदलपुर, बस्तर (छ.ग.)**
**जी. 252606526/2**



**कार्यालय कार्यपालनअभियंता लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-बलरामपुर (छ.ग.)**
**E-mail: eebalram-phe-cg@nic.in**

निविदा क्रं./14/ले.शा./ज.जी.मि. / का.अ./ लो.स्वा.यां.वि./2026
बलरामपुर, दिनांक 03.02.2026

**ऑन लाईन प्रथम् निविदा आमंत्रण**

**Risk & Cost**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना के विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिशत दर फार्म "अ" में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :-


| सि. नि. क्र. | ग्राम का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. में) |
|---|---|---|
| 183701 | बरहीबांस, हरीगवॉ | 316.99 |
| 184935 | गीरजापुर | 40.38 |
| 184936 | बघीमा, चरगढ़ | 204.08 |
| 184940 | धंधापुर | 177.85 |
| 184941 | कुन्दी | 61.81 |
| 184942 | नटवरनगर, नवाडीह खुर्द | 191.21 |
| 184945 | दर्रीडीह | 3.31 |
| 184947 | पहरी | 32.22 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैद्यता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकारकी श्रेणी, एवं कार्यो तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्युरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 06.02.2026 से देखी जा सकती है तथा निविदा दिनांक 27.02.2026 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाषित नहीं किए जावेंगे। अतः निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत् संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वाास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड बलरामपुर में देखे जा सकते है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**खण्ड-बलरामपुर (छ.ग.)**
**जी. 252606528/4**


## राशिफल


**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।


**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं



**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास


**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।



**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।


**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।


**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।


## शब्द पहेली - 6131



**बाएँ से दाए**
1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

**शब्द पहेली- 6130 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6141

**सरल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल 6140 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# अंडर-19 वर्ल्ड कप: इंग्लैंड को 100 रन से रौंदकर भारत छठी बार बना वर्ल्ड चैंपियन

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारत ने इंग्लैंड को वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में 100 रन से मात देकर छठी बार खिताब अपने नाम कर लिया है। शुक्रवार को खेले गए इस ऐतिहासिक मुकाबले में भारत के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 30 बाउंड्री के साथ 175 रन की यादगार पारी खेली।

हरारे स्पोर्ट्स क्लब में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 9 विकेट खोकर 411 रन बनाए। भारत को महज 20 के स्कोर पर आरोन जॉर्ज (9) के रूप में पहला झटका लग गया था। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी ने कप्तान आयुष म्हात्रे के साथ दूसरे विकेट के लिए 142 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूती दी। म्हात्रे 51 गेंदों में 53 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद सूर्यवंशी ने वेदांत त्रिवेदी के साथ तीसरे विकेट के लिए 39 गेंदों में 89 रन जोड़ते हुए भारत को 251 के स्कोर तक पहुंचा दिया। वैभव 80 गेंदों में 15 चौकों और इतने ही छक्कों के साथ 175 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद विहान मल्होत्रा ने वेदांत त्रिवेदी के साथ 51 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 300 के पार पहुंचा दिया। विहान 30 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद अभिज्ञान कुंडु ने 31 गेंदों में 40 रन की पारी खेली। अंतिम ओवरों में 37 रन की नाबाद पारी खेलते हुए कनिष्क चौहान ने भारत को 411/9 के स्कोर तक पहुंचा दिया। विपक्षी खेमे से जेम्स मिंटो ने सर्वाधिक 3 विकेट निकाले, जबकि सेबेस्टियन मॉर्गन और एलेक्स ग्रीन ने 2-2 विकेट हासिल किए। एक विकेट मैनी लम्सडेन ने अपने नाम किया।



## सूर्यवंशी ने डेवाल्ड ब्रेविस को पछाड़ा

वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस संस्करण में कुल 30 छक्के लगाए। इसी के साथ वैभव ने साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को पछाड़ दिया है, जिन्होंने साल 2022 में 18 छक्के जड़े थे।

## वैभव के नाम सबसे तेज 150 रन बनाने का रिकॉर्ड

सूर्यवंशी के नाम अंडर-19 में सबसे तेज 150 रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है, उन्होंने 71 गेंदों में इस कारनामे को किया। इसी टूर्नामेंट में इसी मैदान पर इंग्लैंड के बेन मेयस ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 98 गेंदों में 150 रन पूरे किए थे।

## स्कोर बोर्ड

| भारत पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जॉर्ज का मेयेस बो ग्रीन | 09 | 11 | 2 | 0 |
| सूर्यवंशी का रियू बो लम्सडेन | 175 | 80 | 15 | 15 |
| म्हात्रे का मेयेस बो ग्रीन | 53 | 51 | 7 | 2 |
| त्रिवेदी का मेयेस बो मिंटो | 32 | 36 | 3 | 0 |
| मल्होत्रा का डॉकिन्स बो मिंटो | 30 | 36 | 2 | 0 |
| कुंडू का अलबर्ट बो मोर्गन | 40 | 31 | 6 | 1 |
| आरएस अंबरीश बो मिंटो | 18 | 24 | 2 | 0 |
| कनिष्क चौहान नाबाद | 37 | 20 | 3 | 1 |
| पटेल का मूर्स बो मोर्गन | 03 | 4 | 0 | 0 |
| हेनिल पटेल रन आउट | 05 | 7 | 0 | 0 |
| दीपेश देवेंद्रन नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09
कुल योग : 50 ओवर में नौ विकेट पर 411 रन
गेंदबाजी : सेबेस्टियन मोर्गन 9-0-74-2, एलेक्स ग्रीन 5-0-49-2, मैनी लम्सडेन 8-0-81-1, जेम्स मिंटो 8-0-63-3,

| इंग्लैंड पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फरहान अहमद | 10 | 0 | 77 | 0 |
| राल्फी अलबर्ट | 10 | 0 | 66 | 0 |
| डॉकिन्स का खिलन पटेल बो म्हात्रे | 66 | 56 | 7 | 2 |
| जोसफ मूर्स बो अंबरीश | 17 | 16 | 4 | 0 |
| मेयेस का हेनिल पटेल बो खिलन पटेल | 45 | 28 | 7 | 2 |
| थॉमस रियू का म्हात्रे बो चौहान | 31 | 18 | 4 | 1 |
| फाल्कनर का खिलन पटेल बो चौहान | 115 | 67 | 9 | 7 |
| राल्फी अलबर्ट रन आउट | 00 | 2 | 0 | 0 |
| अहमद का कुंडू बो दीपेश | 01 | 2 | 0 | 0 |
| मोर्गन का एवं बो दीपेश | 00 | 2 | 0 | 0 |
| जेम्स मिंटो का सब बो अंबरीश | 28 | 41 | 2 | 0 |
| लम्सडेन का त्रिवेदी बो अंबरीश | 03 | 10 | 0 | 0 |
| एलेक्स ग्रीन नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05
कुल योग : 40.2 ओवर में 311 रन पर सभी आउट
गेंदबाजी : अंबरीश 9-1-56-3, हेनिल पटेल 4-2-28-0, दीपेश देवेंद्रन 6-0-64-2, खिलन पटेल 8-0-66-1, कनिष्क चौहान 8.2-0-63-2, आयुष म्हात्रे 5-0-31-1

## इंग्लिश टीम 40.2 ओवरों में 311 रन पर आलआउट

इंग्लिश टीम 40.2 ओवरों में 311 रन पर सिमट गई। इस टीम ने 19 के स्कोर पर जोसेफ मूर्स (17) का विकेट खो दिया था। यहां से बेन डॉकिन्स ने बेन मेयस के साथ दूसरे विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। मेयस 28 गेंदों में 2 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद डॉकिंस ने थॉमस रेव के साथ तीसरे विकेट के लिए 49 रन और कैलेब फाल्कनर के साथ चौथे विकेट के लिए 32 रन जुटाए। इंग्लैंड की टीम ने 20.4 ओवरों में 174 के स्कोर पर अपना चौथा विकेट गंवाया और 21.6 ओवरों तक इस टीम का स्कोर 177/7 था। यहां से कैलेब फाल्कनर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 67 गेंदों में 7 छक्कों और 9 चौकों के साथ 115 रन बनाए, लेकिन इंग्लैंड को खिताब नहीं दिला सके।

## टी20 विश्व कप से बाहर हेजलवुड

**मेलबर्न।** अपने प्रमुख खिलाड़ियों की फिटनेस समस्याओं से जूझ रही आस्ट्रेलियाई टीम को करारा झटका लगा जब स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट से समय पर उबर नहीं पाने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए।

# अमेरिका से भिड़ंत आज, जीत के साथ खिताबी सफर शुरू करने उतरेगा भारत

## टी-20 विश्व कप का महामुकाबला शाम 7 बजे से

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सितारों से सजी भारतीय टीम टी20 विश्व कप में शनिवार को आत्मविश्वास से ओतप्रोत अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनने का इरादा जेहन में और क्रिकेटप्रेमियों की अपेक्षाओं का बोझ कंधों पर रहेगा। टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के दो मजबूत स्तंभ विराट कोहली और रोहित शर्मा भले ही इस प्रारुप से विदा ले चुके हों लेकिन भारतीय टीम अभी भी सबसे दमदार दावेदार है।

भारत ने उसके बाद से 9 श्रृंखलाएं जीती हैं, जिनमें पिछले साल एशिया कप में मिली जीत शामिल है। पिछले पूरे साल खराब फॉर्म से जूझते रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव का बल्ला भी अब खामोश नहीं है, जिससे रही सही कसर भी पूरी हो गई। ईशान किशन ने विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर जबर्दस्त फॉर्म के साथ वापसी की है। ईशान और अभिषेक शर्मा की जोड़ी से भारतीय टीम को काफी उम्मीदें हैं चूंकि दोनों का प्रदर्शन अभी तक जबर्दस्त रहा है।



### सूर्यकुमार की टीम परिपक्व और संतुलित

